अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2018
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** निम्नलिखित में से दिष्ट धारा का प्रयोग करते है- **(1)**

(A) पंखा (B) टॉर्च

(C) टी.वी. (D) कूलर

**2.** पौधों एवं जन्तुओं के बीच की कड़ी है - **(1)**

(A) अमीबा (B) युग्लीना

(C) वाइरस (D) क्लेमाइडोमोनास

**3.** चुम्बकीय पदार्थ है- **(1)**

(A) लोहा (B) पीतल

(C) ताँबा (D) रबड़

**4.** लाल रक्त कणिकाओं का निर्माण होता है- **(1)**

(A) यकृत (B) मस्तिष्क

(C) प्लाज्मा (D) अस्थिमज्जा

**5.** विद्युत बल्ब में तन्तु किस धातु का बना होता है ? **(1)**

(A) टंगस्टन (B) सिल्वर

(C) एल्युमीनियम (D) चाँदी

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** खनिज तथा अयस्क से क्या अभिप्राय है ? **(1)**

**7.** विद्युत के दो सुचालक और दो कुचालक पदार्थों के नाम लिखिए । **(1)**

**8.** यदि पृथ्वी से सभी पौधे समाप्त हो जाएँ तो जन्तु जगत् पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? **(1)**

**9.** खाद्य जाल से क्या समझते है ? **(1)**

**10.** मानव के रक्त वर्ग के प्रकार तथा उसमें पायी जाने वाले प्रतिजन और प्रतिरक्षी को भी लिखिए । **(1)**

**11.** विद्युत धारा किसे कहते है ? इसका मात्रक क्या है ? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** चुम्बक के दो गुण लिखिए **(2)**

**13.** प्राथमिक उपचार को परिभाषित कीजिए **(2)**

**14.** आवर्त तथा वर्ग से क्या समझते है ? **(2)**

**15.** धातुओं को संक्षारण से बचाने के लिए किन्हीं दो विधियों का उल्लेख कीजिए । **(2)**

**16.** विद्युत धारा के खतरों से बचाव के लिए कौन-कौन से उपाय आवश्यक है ? संक्षेप में लिखिए । **(2)**

**17.** निम्न में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए - 1. उत्पादक 2. उपभोक्ता 3. अपघटक **(2)**

**18.** मानव में पाये जाने वाले किन्हीं चार अवशेषी अंगों के नाम लिखिए । **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/vigyan/2018

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/vigyan/

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN